# महेंद्रगढ़ ज़िले में नांगलमाला से धौली तक नई सड़क निर्माण के लिये ज़मीन खरीद का प्रस्ताव स्वीकृत

## चर्चा में क्यों?

11 जनवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में ई-भूमि पोर्टल के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिये ज़मीन खरीद हेतु सचिवों की समिति की बैठक हुई, जिसमें महेंद्रगढ़ ज़िले में नांगलमाला से धौली तक नई सड़क निर्माण के लिये जमीन खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

## प्रमुख बिंदु

- इसके अलावा, समिति ने फतेहाबाद तथा चरखी दादरी में नई ज़िला जेल के निर्माण से संबंधित 2 प्रोजेक्ट्स को हाई पॉवर लैंड परचेज कमेटी को भेजने की सिफारिश की। बैठक में कुल 7 प्रोजेक्ट्स के लिये जमीन खरीद के संबंध में चर्चा की गई।
- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े संबंधित ज़िला उपायुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्य परियोजनाओं के लिये आगामी बैठक से पूर्व भू-मालिकों से उनकी सहमति से भूमि खरीदने के संबंध में दूसरे दौर की बातचीत की जाए। साथ ही, परियोजनाओं के लिये वैकल्पिक साइट की भी तलाश की जाए।
- उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार कलेक्टर दरों को और अधिक वास्तविक बनाया जाए, जो भूस्वामियों के साथ-साथ राज्य सरकार के लिये भी राजस्व हितैषी हों।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/proposal-for-purchase-of-land-approved-for-construction-of-new-road-from-nangalmala-to-dhauli-in-mahendragarh-district